**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों का चयन

पंतनगर। 18 अप्रैल 2023। मत्स्य निरीक्षकों की भर्ती हेतु उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विगत वर्ष (2022) में आयोजित परीक्षा के हाल ही में घोषित परिणाम में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के 28 छात्रों का चयन हुआ है। इस परीक्षा में कु. भानु चन्द्रा ने प्रथम, कु. प्रिंयका आर्या ने द्वितीय तथा श्री सुमित जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा में सफल अन्य छात्रों में–आलोक पवार, सौरभ जोशी, पूजा मेहता, फैजल, अनुराग सेमवाल, शिवांगी भट्ट, कुसुमलता गोस्वामी, रीता जोशी, सोनल पाठक, प्रगति, दिव्या मेहता, राधिका अग्रवाल, विजयदीप धपोला, निशा चुफाल, प्रिंयका आर्या, करूणकान्त यादव, अरमान, सायमा तब्बसुम, शालिनी रस्तोगी, रेनू बेरिया, अरविन्द कुमार, दीपक कुमार, दिनेश मोहन, बिपिन कुमार तथा अर्चना नग्नयाल हैं। उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाले कई परीक्षा परिणाम को निरस्त करने के बीच इस परीक्षा परिणाम के घोषित होने से सफल छात्रों में एक नई आशा की किरण दिखी है। इस परिणाम से मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. मालविका दास त्रकरू, पूर्व अधिष्ठाता डा. आर.एस. चौहान तथा सभी संकाय सदस्यों ने खुशी व्यक्त की तथा सफल छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित की। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने भी सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



भानु चन्द्रा



प्रंयका आर्या



सुमित जोशी